SHRI BHUPESH GUPTA : Sir, generally it is not customary with me to set up and say something through you to another member of the Opposition but Mr. Rajnarain is engraved in our heart and he is very dear to us. Therefore with great pain and agony I have to get up to make an appeal to him. Mr. Rajnarain should realise that over this matter there is in principle agreement between him and as in the sense that the changeover, should take place and English should be replaced by the regional languages. We are all for it. The difference may be as to how it should be done and in what manner it should be done. Therefore, Mr. Chairman, we have to take into account very many factors into consideration including those people who may not exactly see eye to eye with us. He referred to Bengal. I say there are many people in Bengal. They love their language but at the same time they think that transition shall take place in a proper way on an even keel. That is why I say, Mr. Rajnarain, over this matter you should not do anything which will compromise your position. You have a noble cause to uphold, why do you spoil your case. I am with you and we are with you. Take us also along with you. After all leadership does not mean that you should run away leaving others behind. Leadership means that you should carry us also with you. Therefore we must keep our heads cool over this matter and we must not allow our patience to exhaust. In the matter of Governors we did not do this, when democracy was murdered, we did not do such a thing. Here also we do not want to do any such thing. Therefore, Mr. Rajnarain, we are appealing to you as your colleagues that over this matter there is scope for debate and discussion as to how the changeover should be brought about. Let that door not be closed and let us discuss it. I think the Chairman is very sympathetic as far as the language question is concerned. Let us not do anything whereby the door for such a discussion may be closed. After all, over the language question you may be thrown out or I may be thrown out and we may look very heroic but would that convince the people in the South or in Bengal or in other parts of the country who do not see eye to eye with us? They will say, "Look, Mr. Bhupesh Gupta and Mr. Rajnarain who uphold a just cause do not know how to fight for a just cause". If similar situations are created in the Tamilnad Assembly and other places, would it help the cause of the language as we want to serve it or as we are bound by the Constitution to serve it? Therefore, Sir, from the bottom of my heart I appeal to Mr. Rajnarain and others to keep their heads cool. I respect them and I love them; also I hold them dear to my heart. Let us settle the language question with mutual accord and understanding and only thus can we solve the problem that is before us.

श्री राजनारायण : श्रीमन्, मैं आपके जरिये एक निवेदन करूंगा। आप इस बात के सबसे बड़े साक्षी हैं और इस बात को श्रीमती इन्दिरा नेहरू गांधी जी नहीं जानती होंगी। जब आप हमारे यहां राज्यपाल थे और दोनों सदनों को सम्बोधन करने के लिए आये थे, तब हमने आप से करबद्ध निवेदन किया था कि आप अंग्रेजी में न बोलें। अगर आप हिन्दी नहीं बोल सकते हो, तो

आप तैलगू में बोलें। आपने कहा था कि तैलगू में हमारा भाषण कैसे तैयार होगा। तब हमने कहा कि हमारे लखनऊ विश्वविद्यालय में अनेक तैलगू जानने वाले छात्र हैं और आप अपने भाषण का अनुवाद उनसे करवा लें। यह बात आपको अवश्य याद होगी। इसलिए मैं अपने सम्मानित सदस्य श्री भूपेश गुप्त जी को यह बतलाना चाहता हूं कि तैलगू की जनता ने, तैलगू भाषाभाषी लोगों ने इस संबंध में हमारे पास अनेक धन्यवाद के पत्र भेजे कि उत्तर प्रदेश के आदरणीय सदन में तैलगू की मांग की गई। इसलिए मैं श्री भूपेश गुप्त जी से निवेदन करूंगा कि आप बंगाली की मांग करें और तामिल वाले तामिल की मांग करें। हमारे मित्र श्री मुल्का गोविन्द रेड्डी-जी बंगलोर से आते हैं और बंगलोर कारपोरेशन में तीन सदस्यों की समिति ने सर्वसम्मति से एक रिपोर्ट पेश की कि अंग्रेजी को फौरन हटा दिया जाय। अंग्रेजी साइन बोर्डों को हटा दिया जाय और उसकी जगह पर कन्नड़ में लिखा जाय और नीचे हिन्दी में लिखा जाय। इस रिपोर्ट को केन्द्रीय सरकार ने प्रकाशित नहीं होने दिया और केन्द्रीय सरकार ने इसको दबा दिया। यह रिपोर्ट साक्षी है और जो मित्र वहां से आते हैं वे भी साक्षी हैं। मैं हाल में मद्रास गया था और मैंने पाया कि वहां की सारी जनता अंग्रेज़ी को हटाना चाहती है। तामिल रस्सु कड़गम के नेता श्री शिवज्ञान ग्रामणी ने राजगोपालाचार्य जी के बारे में कहा कि वे तो अंग्रेज़ी के मानसपुत्र हैं। तो ऐसी स्थिति पर हम कौनसी बात कर रहे है जिसमें श्री भूपेश गुप्त को दिक्कत है। मैं हिन्दी लादने की बात नहीं कह रहा हूं, मैं अंग्रेज़ी हटाने की बात कह रहा हूं। हमारा आन्दोलन अंग्रेज़ी हटाने के लिए है और देशी भाषाओं को चलाने के लिए है। हम हिन्दी लादने की बात नहीं कह रहे हैं। प्रधान मंत्री जी कहें कि वे क्या चाहती है। मैं आपके जरिये प्रधान मंत्री जी से चाहूंगा और हम अपेक्षा करते हैं कि वे क्या चाहती हैं। सदन में इतना बड़ा सवाल उठा है और प्रधान मंत्री जी बैठी हुई हैं और वे बोलती क्यों नहीं है। वे प्रधान मंत्री हैं . . .

(Interruptions)

श्री अबिद अली (महाराष्ट्र) : श्री राजनारायण जी जितनी बातें कह रहे हैं, तो मैं यह पूछना चाहता हूं कि बिहार और यू० पी० में जो कुछ हो रहा है वह उनकी ही सरकार वहां पर डंडा चला रही है और उसी को छिपाने के लिए वे यहां पर इस तरह की बात कर रहे हैं। इस तरह की चीज़ को आप कबतक चलने देंगे ?

श्री राजनारायण : उसी सरकार की आज्ञा का हमने उल्लंघन किया है और 144 धारा को तोड़ा और जिसकी वजह से वहां की सरकार को धारा 144 को वापस लेना पड़ा। आबिद अली जी . . .

(Interruptions)

श्री अबिद अली : यू० पी० सरकार और बिहार की सरकार डंडा क्यों चला रही है, यह बतलाइये ?

DR. ANUP SINGH (Punjab) : Mr. Chairman, Sir, I think it shall be quite clear by now that Mr. Rajnarain, a very senior Member, is absolutely . . .

(Interruptions)

श्री राजनारायण : श्री ए० डी० मणि जी के मुंह से जब अंग्रेजी निकलती है तब हम ज्यूनियर और सिनियर का कोई ख्याल नहीं करते हैं।

(interruption)

DR. ANUP SINGH : I take back the word 'senior'. He is a very articulate and very vocal Member of this House. It is very clear by now that Mr. Rajnarain is determined to hold this House to ransom. In spite of your repeated requests, he has tried to monopolise the time of the House. I really cannot see what exactly we are discussing. *(Interruption)* When you were speaking, I never got up. Sir, he seems to be very solicitous about the unity of this country. He seems to be solicitous about the unity of this country, which

[Dr. Anup Singh]

we all are for. But he reminds me of a bride who, on the day of the wedding, turned to the bridegroom and said, "Darling, from today you and I are one, but don't forget that I am one". He wants Hindi on his own terms, which will disrupt the very basis of unity in this country.

श्री राजनारायण : अंग्रेजी हटाने वाले युनिटी चाहते हैं और अंग्रेजी को कायम रखने वाले डिसयुनिटी चाहते हैं ।

(*Interruption*)

प्रधान मंत्री (श्रीमती इंदिरा गांधी) : श्रीमन्, मैं पहले बोलती, लेकिन जैसा कि कई माननीय सदस्यों ने कहा है ऐसे डिबेट के लिये यह मौका नहीं है । मैं अपने विचार प्रगट कर चुकी हूं इस सदन में भी और दूसरे मौकों पर भी । आपने देखा कि इस समय भी यह सदन एक राय का नहीं है । इसमें कांग्रेस के सदस्य या दूसरे दलों का कोई मतभेद नहीं है । एक दूसरी ही चीज बीच में आई है और जैसा कि श्री भूपेश गुप्त ने कहा, वह बहुत ठीक उन्होंने कहा और अभी माननीय सदस्य अनूप सिंह जी ने जो कहा . . .

श्री राजनारायण : बिल्कुल गलत कहा ।

श्रीमती इन्दिरा गांधी :. . . वह भी विचार करने योग्य है ।

आज भी हमारे देश में हमारे भाई बहन, एक प्रांत के नहीं कई प्रांतों के हैं, जिन के मन में किसी भी कारण से, हमारी गलती हो या किसी की गलती हो, एक शंका पैदा हो गई है और उनको लगता है कि उनके ऊपर हम कुछ थोपने जा रहे हैं । इस शंका को हमें दूर करना चाहिये । अगर हम देश की एकता चाहते हैं, तो जैसा कि भूपेश जी ने यहां पर कहा हम को देखना है कि कैसे हम देश के सब प्रांतों के लोगों को अपने साथ ले जा सकते हैं ।

जहां तक हिन्दी का प्रश्न है, हम सब राजनारायण जी से सहमत हैं । हम यह मानते हैं कि हिन्दी को बढ़ाना है और जो देश की दूसरी राज्य भाषाएं हैं उनको भी वही महत्व देना है और उनको भी बढ़ाना है क्योंकि केवल अपनी मातृभाषा में कोई भी जनता ठीक तरह से विचार कर सकती है और अपने विचारों को प्रकट कर सकती है । इस लिये देश की उन्नति के लिये यह आवश्यक है कि मातृभाषा को बढाया जाय और इसमें बिल्कुल कोई मतभेद किसी के मन में नहीं है, चाहे वे दक्षिण के लोग हों, चाहे वे बंगाल के लोग हों, चाहे कहीं के लोग हों । कुछ मतभेद है, तो जैसा भूपेश जी ने कहा कि किस तरह से यह किया जाय, इसमें मतभेद है । लेकिन अगर यह बहस इस तरह से हो कि आपस में फूट पड़े, तो इससे न हिन्दी बढ़ने वाली है और न दूसरी भाषाएं बढ़ने वाली हैं ।

इस वक्त एक मांग हुई है । दूसरे सदन में जो हो रहा है उसकी राजनारायण जी को बहुत फिक्र है । दूसरे सदन में चाहे जो हो, वहां भी जो सदस्य हैं वे चुन कर के आये हैं, वे भी इनके प्रांत से और बिहार से चुन के आये हैं, मद्रास से आंध्र प्रदेश से चुन कर के आये हैं, सब जगह से चुन कर के आये हैं, वे अपनी राय वहां पर जरूर प्रगट करेंगे और अगर उनकी कुछ दूसरी राय होगी, तो मालूम हो जायगी । लेकिन जहां तक यहां के लोगों की राय है, उस पर जरूर विचार किया जा सकता है ।

जो इनका कालिंग अटेंशन था और जिस की ओर आपने हमारा ध्यान दिलाया था, वह खास तौर से बनारस विश्वविद्यालय का था . . .

श्री राजनारायण : माननीय, दिल्ली का भी था ।

श्रीमती इन्दिरा गांधी : उसके बारे में हमारे जो शिक्षा मंत्री हैं उन्होंने कहा था कि वे एक स्टेटमेंट देंगे । वे आज भी उसके बारे में बताने को तैयार हैं । लेकिन मैं माननीय सदस्यों से इस वक्त यह प्रार्थना करूंगी कि जैसा भूपेश जी ने कहा कि इस

समय हमे ऐसा कुछ नही करना चाहिये जिस से देश के बीच में जो थोड़ी सी गलतफहमी पैदा हुई है वह और बढ़ जाय और न हमे उत्तर प्रदेश और बिहार में उसको बढ़ाना चाहिये। वहां पर जो आन्दोलन हो रहा है वह मेरी समझ में नही आ रहा है कि क्यों हो रहा है। वे दोनों प्रांत हिन्दी को बढ़ा रहे हैं और चला रहे हैं।

एक बात और मै आपसे कहूं कि ऐसे हम नही चाहते हैं कि हिन्दी थोपी जाय किसी पर बिना उसकी रजामन्दी के, उसी तरह हम अंग्रेजी को भी किसी पर थोपना नही चाहते। लेकिन अंग्रेजी एक कड़ी रही है और अब हम उस कड़ी को जरा बदलना चाहते हैं। यानी हम चाहते हैं कि राष्ट्र कड़ी जो हो वह हिन्दी या हिन्दोस्थानी हो। हम अंग्रेजी को भी रखना चाहते हैं इसलिए कि अंतराष्ट्रीय कड़ी जो हो, जो दूसरे देशों से हमें बातचीत करनी हो या अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों और सभाओं में जो बात करनी हो, उसके अंग्रेजी से हमें जरूर सुविधा होती है। इस लिये हम चाहते थे कि तीसरी भाषा को यहां पर रखा जाय जिस से एक अंतर्राष्ट्रीय कड़ी बनी रहे। लेकिन मै यह स्पष्ट रूप से कहना चाहती हूं कि किसी के मन में यह बात नहीं है कि हिन्दी की जगह अंग्रेजी ले ले या दूसरी जो हमारी राज्य भाषाएं हैं उनकी जगह ले ले। कोई इसको नही चाहता है। हम केवल यह चाहते है कि हिन्दी को बढ़ायें और किस तरह से बढ़ायें इसके लिये ठीक रास्ता ढूढे। वे जो दूसरे प्रदेश हैं जिन की इस समय यह मांग है कि उनको थोड़ा और समय दिया जाय, उनकी रजामन्दी से यह हो सकता है। केवल यह प्रश्न है और इसको बहुत सफाई के साथ श्री भूपेश गुप्त ने रखा और मुझे आशा यही है कि सारा सदन इस बात को मानेगा कि ऐसे गंभीर प्रश्न में हम यहां पर मतभेद न पैदा करे। हम अलग से बैठ कर के और जो अपोजीशन के सदस्य हैं वे सब मिल कर के कोई रास्ता निकाल सकते हैं। हमारे सदस्य भी साथ मिल कर के बैठ सकते हैं। आप चाहे, तो जो अलग अलग दल हैं उनके नेताओं को आप अपने कमरे में बुला सकते हैं और उनसे बातचीत हो जाय। लेकिन जिस तरह से यह सदन में हो रहा है मै बहुत अदब के साथ कहूंगी कि यह शोभा की बात नही है।

श्री राजनारायण : मैं आपके जरिये श्रीमन्, एक निवेदन करना . . .

SHRI N. SRI RAMA REDDY (Andhra Pradesh) : Mr. Chairman, Sir, you should not allow him to speak any more.

SHRI M. M. DHARIA : No more from him, Sir.

श्री राजनारायण : श्रीमन्, मै आपके जरिये प्राइम मिनिस्टर से एक निवेदन करना चाहता हूं।

MR. CHAIRMAN : After the Prime Minister's appeal he wants to respond. Please allow him to have his say.

SHRI N. SRI RAMA REDDY : There is no motion on the subject, Sir. It is your generosity that he is exploiting, Sir.

श्री राजनारायण : श्रीमन्, आप अपनी व्यवस्था को इनकी हुल्लड़बाजी से न बदलें। आपने सही कहा है कि प्राइम मिनिस्टर को सुनने के बाद मै रेसपांड करना चाहता हूं। मैं प्राइम मिनिस्टर साहेबा से बहुत अदब के साथ एक अपील कर रहा हू . . .

SHRI ABID ALI : He is never obeying the Chair and now he should be suspended from this House for the whole session.

SHRI N. SRI RAMA REDDY : We are not prepared to listen to him any more. His speech is now irrelevant. There is no motion before the House.

SHRI ABID ALI : I have already moved a proposition that Mr. Rajnarain, since he is not obeying you, should be suspended from the House for the whole of this session.

MR. CHAIRMAN : The Prime Minister has made her position quite clear to everyone. Now Mr. Rajnarain

[Mr. Chairman]

would like to make a submission, and if he makes the submission, there is nothing wrong in it.

श्री राजनारायण : श्रीमन्, मैं आपके ज़रिये प्राइम मिनिस्टर साहेबा की इस भावना की कद्र करता हूं जिस के जरिये उन्होंने लोकमत के आदर करने की बात कही है। तो लोकमत के आदर के लिये ही क्या प्राइम मिनिस्टर साहेबा इस समय इसको उचित नहीं समझेंगी कि जो विधेयक है उसको लोकमत की सम्मति प्राप्त करने के लिये वितरित कर दिया जाय, सर्कुलेट कर दिया जाय। इस समय उसको लोक सभा में बहस के लिये न रखा जाय, अगर वे इस प्रस्ताव को कर दें, तो हम तैयार हो जायगे। वे बता दें कि लोकमत की भावना जानने के लिये इस समय यह विधेयक वितरित किया जायगा।

दूसरी बात यह है कि मैं समझता हूं कि प्राइम मिनिस्टर साहेबा को भी चोट पहुंची है। हम हिन्दी की बात नहीं कर रहे हैं। हिन्दी प्राइम मिनिस्टर चाहती हैं, उसके लिये शुक्रिया है। हम इस समय केवल यह कह रहे हैं कि अंग्रेजी हटाओ। सब भाषाएं अपनी जगह ले लेंगी। हिन्दी में क्षमता होगी, ताकत होगी, शक्ति होगी, तो वह अपनी जगह ले लेगी। इसी तरह बंगला में ताकत होगी, तमिल में होगी, उड़िया में होगी, कन्नड़ में होगी, उर्दू में होगी, तो वे सब अपनी अपनी जगहें ले लेंगी। इस देश की भाषाओं को आपस में लड़ा कर के मुल्क को खंडित करने की कोशिश न प्राइम मिनिस्टर साहेबा करें और न डा० अनूप सिंह जी करें।

तो कांग्रेस के पार्लियामेंट के मेम्बरों के लिए व्हिप क्यों ? (*Interruptions*) यह पार्टी क्वेश्चन नहीं है, यह राष्ट्र का सवाल है। जहां प्रधान मंत्री ने कहां कि लोग अपनी भावनाओं का इज़हार करेंगे, तो व्हिपिंग नहीं होनी चाहिए, मगर प्रधान मंत्री साहिबा उसको करेंगी। वह व्हिपिंग न की जाय, तो हम देखेंगे कि मेम्बरों ने अपनी राय का इज़हार अजादी के साथ किया है, मगर व्हिप करके, दबा कर घर मंत्री डंड के जोर पर, पदों के लालच से उस काले विधेयक को पास कराना चाहते हैं इसलिए हमारा और विरोध है। हम भूपेश जी की बात मानने के लिए तैयार हैं। आप सदन की कार्यवाही बन्द कर दें। प्रधान मंत्री के यहां चलने के लिए हम तैयार है, वे चलें, गंगा बाबू चलें। हम झगड़ा नहीं चाहते, हम देश में आपस में कोई वितंडवाद नहीं चाहते। हम चाहते हैं कि हमारी आदरणीय प्राइम मिनिस्टर बुद्धि-विभ्रम-जन्य भ्रान्ति में विचरण न करें। और चाहूंगा कि श्री अनूप सिंह भी बुद्धि विभ्रम के शिकार न हो। क्या गांधी जी के नेतृत्व में हमने अंग्रेजों के विरूद्ध इसीलिए संघर्ष किया था ? न मालूम कितने मासूम बच्चे संगीनों की नोक पर क्या इसलिए चढ़े थे, न मालूम कितनी बहिनों की मांग का सिन्दूर क्या इसीलिए घुला था कि अंग्रेजों के जाने के बाद भी अंग्रेजी रहेगी ? अंग्रेजों के जाने के बाद एक मिनिट भी अंग्रेजी का यहां रहना म० गांधी की आत्मा के साथ अन्याय होगा। मैं आपके जरिए प्रधान मंत्री से जानना चाहता हूं कि क्या लोकमत को जानने के लिए इस विधेयक को वितरित करेंगी। हम भुपेश गुप्त की राय से सहमत हैं कि हम प्रधान मंत्री से मिल लें।

श्री चन्द्र शखर (उत्तर प्रदेश) : सभापति महोदय, मैं आपसे एक निवेदन करना चाहता हूं और सदन के समक्ष यह स्पष्ट करना चाहता हूं कि प्रधान मंत्री ने स्पष्ट किया है कि देश की, राष्ट्र की और सरकार की नीति भाषा के सम्बन्ध में क्या है।

हमारे मित्र माननीय राजनारायण जी ने कांग्रेस पक्ष के बारे में बड़ी चिन्ता व्यक्त की है। मैं उनसे कहना चाहूंगा कि कांग्रेस पक्ष में भी लोग समझते हैं कि उनका उत्तरदायित्व क्या है, वे यही नहीं समझते कि भाषा के प्रश्न पर उनका उत्तरदायित्व क्या है, वे यह भी समझते हैं कि राष्ट्रीय

उत्तरदायित्व क्या है । साथ ही वे यह भी समझते है कि संसदीय जनतंत्र को चलाने के लिए इस सदन के प्रति हमारा उत्तरदायित्व क्या है ।

श्री राजनारायण : जसे बंगाल में चला रहे हो ।

श्री चन्द्र शेखर : इसके साथ ही हम यह भी समझते हैं कि जिस जनता का प्रतिनिधित्व हम करते हैं और जिसका आदेश लेकर इस सदन में आए हैं उसकी भावनाएं क्या हैं । मै ऐसा नहो मानता कि इस देश की जनता किसीभी प्रान्त में, चाहे उत्तर प्रदेश में या मध्य प्रदेश में या बिहार में यह चाहती है कि संसदीय जनतंत्र की सारी मर्यादाओं को तोड़ दिया जाय और उसके पक्ष में यह भावना फैलाने की व्याप्त करने का प्रयास किया जाय कि यह सब कुछ हिन्दी के पक्ष में हो रहा है जो कुछ माननीय राजनारायण जी ने किया है । मैं कवल यह कहना चाहता हूं कि यह हिन्दी वाले और हिन्दी बोलने वाले लोगो की भावना नही है कि जनतत्र की मर्यादाओं का उल्लंघन किया जाय एक भाषा के सवाल को लेकर । भाषा का सवाल एक अलग सवाल है, उस सम्बन्ध मे जो हमार विचार हैं उनको हम रखेंगे ।

श्री राजनारायण : भाषा का सवाल रोटी का सवाल है, भाषा का सवाल सुरक्षा का सवाल है ।

श्री चन्द्र शेखर : भाषा का सवाल सुरक्षा का सवाल है, भाषा का सवाल राष्ट्रीय गौरव का सवाल है, भाषा का सवाल देश की एकता का सवाल है, भाषा का सवाल राष्ट्र की मान-मर्यादा और राष्ट्र के गौरव का सवाल है और मै अपने माननीय मित्र राजनारायण जी से कहना चाहता हूं कि उनसे ज्यादा सजग भाषा के प्रश्न पर कांग्रेस पक्ष के लोग हैं और उन्होंने एक बार नहीं दस बार इस पर विचार किया है और . . .

श्री राजनारायण : विचार तो कांग्रेस ने 20 साल तक किया है ।

श्री चन्द्र शेखर : शिक्षा मंत्रालय ने भाषा नीति स्पष्ट की है । प्रधान मंत्री ने अभी अपने वक्तव्य में कहा है कि सरकार भाषा के विवाद का किस तरह से समाधान करना चाहती है । मै माननीय राजनारायण जी से यह भी कहना चाहता हूं कि जितना गुस्सा, जितना आक्रोश उन्होंने दिखाया इलाहाबाद के लिए, लखनऊ के लिए, आगरा के लिए, कानपुर के लिए और बनारस के लिए, वह कांग्रेस ने नहीं किया है, उस मंत्रिमंडल ने किया है जिसके वे भागी हैं, अंशदार हैं, हिस्सेदार हैं । उन्होंने कहा कि मैं नहीं सहन कर सकता अगर कानपुर में गोली-लाठी चले, लखनऊ में लाठी चले । अगर उनका दिल फटा जा रहा था, तो अच्छा होता कि अपनी भावनाओं का प्रगटीकरण वे लखनऊ में जाकर करते और जाकर चौधरी चरण सिह और अपने मित्र प्रभु नारायण सिह को कहते कि कुर्सियों स नीचे उतरों, हमारा दिल फटा जा रहा है विद्यार्थियों के लिए । जो लोग गोली चला रहे है, लाठियां चला रहे ह, उनके नाम पर जनता का नेतृत्व करने का अहंकार केवल माननीय राजनारायण जी जैसे सदस्य कर सकते हैं जिन्हे एक केमोफ्लेज चाहिए, एक ट्रोजन हार्स चाहिए । मै दु:ख के साथ कहना चाहता हूं कि जो कुछ राजनारायण जी कह रहे हैं उससे हिन्दी का कोई लाभ नही हो रहा है, इससे हिन्दी के प्रति दूसरे प्रदेशों में विद्वष फैलता है ।

श्री राजनारायण : अंग्रेजी हटाओ ।

श्री चन्द्र शेखर : मै कहना चाहता हूं राजनारायण जी से कि . . .

श्री राजनारायण : आप अंग्रेजी के भक्त हैं ।

श्री चन्द्र शेखर : विधेयक में लिखा हुआ है कि जो प्रदेश हिन्दी में लिखना चाहेगा उसके लिए कोई बन्धन नही होगा ।

SHRI NIREN GHOSH : No, no. All the 14 languages should be made official link languages. Otherwise there will be no unity. No. one language should have that position.

श्री चन्द्र शेखर : मैं, श्रीमन्, यही स्पष्ट करना चाहता हूं कि यह भाषा का प्रश्न नहीं है। एक ओर श्री राजनारायण जी इस सवाल को लेकर राष्ट्रीयता को खंडित करना चाहते हैं हिन्दी के नाम पर, दूसरी तरफ हमारे नीरेन घोष उन दूसरी विध्वंसक शक्तियों का प्रतिनिधित्व करते हैं जो भाषा के प्रश्न पर देश की एकता को बनाए नहीं रखना चाहतीं। यह सवाल नहीं है कि कौन भाषा प्रस्थापित हो। यह दुर्भाग्य है कि इस देश में सैकड़ों वर्षों तक अंग्रेजों की हुकूमत रही और अंग्रेजी के माध्यम से काम होता रहा। आज अंग्रेजी को हटा कर उसकी जगह पर एक राष्ट्रीय भाषा को प्रस्थापित करना है। माननीय भूपेश गुप्त ने कहा . .

SHRI NIREN GHOSH : No, no single language, but all the 14 languages. Either all of them or none at all.

श्री चन्द्र शेखर : जैसा माननीय भुपेश गुप्त ने कहा, इस विकास-क्रम को शांतिमय तरीके से, सौहार्द के जरिए पूरा करना है।

माननीय राजनारायण जी कभी कभी समझ की कमी से कुछ ऐसा कर जाते हैं जो वे नहीं जानते कि क्या कर रहे हैं। मैं उनसे निवेदन करूंगा कि अगर सचमुच उनको हिन्दी से प्रेम है और अंग्रेजी हटाना चाहते हैं तो उसके लिए यह स्थान नहीं है, इसके लिए उनको दक्षिण के प्रदेशों में जाना चाहिए। मैं माननीय राजनारायण जी के साथ चलने के लिए तैयार हूं, कांग्रेस पार्टी उनके साथ सहयोग करने के लिए तैयार है लेकिन राजनारायण जी कोई रचनात्मक पहलू रखें, यह प्रयास करें कि देश के दूसरे हिस्सों में जहां हिन्दी नहीं बोली जाती है उन लोगों की सद्भावना, उन लोगों का सहयोग, उन लोगों का सहकार हिन्दी भाषा के साथ हो। इसलिए, सभापति महोदय, मैं आपसे यही निवेदन करना चाहता हूं और आपके जरिए माननीय राजनारायण जी से भी, जो हमारे बहुत पुराने मित्र हैं, निवेदन करना चाहता हूं कि . . .

श्री राजनारायण : उम्र में भी हम छोटे हैं।

श्री चन्द्र शेखर : आप इतना विश्वास रखें कि कांग्रेस पार्टी अपने राष्ट्रीय कर्तव्य का निर्वाह करेगी, इस सम्बन्ध में उनको चिन्तित होने की जरूरत नहीं है। कांग्रेस पक्ष किस तरह से अपना कार्य करे इस बारे में उन्होंने सलाह दी। उनके दल का कोई काम नहीं है, इसलिए कांग्रेस पक्ष के बारे में उन्होंने सलाह दी, मैं उनका बड़ा आभारी हूं, लेकिन वे यह विश्वास रखें कि कांग्रेस पक्ष अपने कर्तव्यों के बारे में सजग है।

अन्त में, अध्यक्ष महोदय, मैं माननीय राजनारायण जी से निवेदन करूंगा, विरोध पक्ष के सभी नेताओं ने भी उनसे अनुरोध और आग्रह किया है . . .

SHRI BHUPESH GUPTA : It is one o'clock, Sir. Please adjourn the House. We are hungry.

MR. CHAIRMAN : I think we have had enough of this discussion.

श्री चन्द्र शेखर : उस आग्रह को मान कर इस विवाद को समाप्त करें और देश में ऐसा वातावरण बनाएं जिससे हिन्दी के प्रति सद्भावना हो।

श्री राजनारायण : श्रीमन्, एक निवेदन हमारा है। यही कांग्रेस वाले शिखंडी की तरह जब दक्षिण में जाते हैं तो कहते हैं कि हिन्दी लादी जा रही है और जब उत्तर भारत में आते हैं तो कहते हैं कि दक्षिण टूट रहा है। एक मुंह से दो बातें। न दक्षिण टूटेगा, न हिन्दी लदेगी, अंग्रेजी हटने के बाद सभी मातृभाषाओं की प्रतिष्ठा होगी श्रीमन। उत्तर भारत में यह कहे कि दक्षिण टूट रहा है और दक्षिण भारत में यह कहें कि हिन्दी लादी जा रही है। अंग्रेजी निश्चित रूप से हमारे देश के ऊपर कलंक है। इसलिये मेरा निवेदन है कि हम इसको कभी नहीं सहन करना चाहते है।

(Interruptions)

MR. CHAIRMAN : The House stands adjourned till 2.30 P. M.

The House then adjourned for lunch at one of the clock.

The House reassembled after lunch at half-past two of the clock, THE DEPUTY CHAIRMAN in the Chair.

THE DOCK WORKERS (REGULATION OF EMPLOYMENT) AMENDMENT BILL, 1967

THE DEPUTY CHAIRMAN : Mr. Hathi.

श्री राजनारायण (उत्तर प्रदेश) : मुझको आपकी आज्ञा से कुछ निवेदन करना है । आपकी आज्ञा से मुझको कुछ निवेदन करना है ।

THE MINISTER OF LABOUR AND REHABILITATION (SHRI JAISUKHLAL HATHI) : Madam, I beg to move :

"That the Bill further to amend the Dock Workers (Regulation of Employment) Act, 1948, be taken into consideration."

श्री राजनारायण : माननीया मेरे लिये क्या आज्ञा हो रही है । आपकी आज्ञा से मैं कुछ निवेदन करने के लिये खड़ा हुआ हूं । जब चेयर उस समय सदन स्थगित कर के उठे तो मैं हाउस के पोजेशन में था ।

SHRI JAISUKHLAL HATHI : The parent legislation was enacted in 1948 mainly with a view to reducing the hardship suffered by dock workers due to the casual nature of their employment. The Act empowers Government to frame schemes for the registration of dock workers in order to ensure greater regularity of employment and for regulating the employment of dock workers whether registered or not.

We have so far framed schemes for the decasualisation of Stevedore labour in ports of Bombay, Calcutta, Madras, Cochin, etc. Each scheme is administered by a tripartite statutory body called Dock Labour Board.

Now this Bill, Madam, as the House will see has only three clauses. Clause 3 is the operative clause and is an important clause.

श्री राजनारायण : देखिये, नेता सदन बोले जा रहे हैं । माननीया, मैं प्वाइंट आफ आर्डर रेज़ करता हूं ।

उपसभापति : मैंने कहा कि इनको कर लेने दो । I will give you time.

श्री राजनारायण : दूसरा बिजनेस ले लिया है ।

SHRI JAISUKHLAL HATHI : Within five minutes I will finish.

Clause 2 enables us to make provision for welfare measures for the staff of the Dock Labour Boards. The Dock Labour Board is a tripartite body composed of workers, employers and the Government. We have provided for welfare measures for the dock labour but the question arose whether money could be utilised for the children of the staff of these Dock Labour Boards. That position is being made clear here to say that it can be done.

The other thing is this. Certain acts are made punishable under the Act but where there is a company difficulty arose whether a person acting on behalf of the company could be punished or not. Of course the other laws are there but this was not very clear. Therefore clause 3 makes the persons concerned liable for punishment. If there is a company which has committed the offence then every person who at the time when the offence was committed was in charge and was responsible to the company shall be deemed to be guilty of the offence and shall be liable to be proceeded against and punished. There is a proviso that if the person concerned is able to prove that he had no knowledge of the offence being committed or that he took all due steps to prevent the commission of the offence he shall not be punishable.

Therefore these two are the important clauses; one is that the benefit of welfare activities could be given to the employees of the Dock Labour Boards and secondly where the offence committed is by a company then the officers of the company acting on behalf of the company will also be liable for punishment.

Madam, I move that the Bill may be taken into consideration.

The question was proposed.

THE DEPUTY CHAIRMAN : Now, Mr. Rajnarain, do you want to say something on this Bill?